

कार्लोस अल्कराज रविवार को इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है।

पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था।




आज का खिलाड़ी

## शिवम शुक्ला



**पॉवेल** की जगह मप्र के शिवम शुक्ला को 30 लाख रुपए में कोलकाता की टीम में शामिल किया गया है। जबकि बेंगलुरु ने एनगिडी की जगह जिम्बाब्वे के मुख्य तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। मुजरबानी 26 मई के बाद के मैचों में खेलते नजर आएंगे। में लीग स्टेज के 60 मैच खत्म हो चुके हैं, 10 मुकाबले बचे हैं और 3 टीमों ने प्लेऑफ में जगह बना ली है। रविवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस ने अपने-अपने मुकाबले जीते। दोनों 17-17 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल इतिहास में, राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच 28 बार भिड़ंत हुई है। राजस्थान रॉयल्स ने 16 जीत के साथ बढ़त हासिल की है, जबकि पंजाब किंग्स ने 12 मैचों में जीत हासिल की है।


# एडहॉक कमेटी के सदस्य खेलमंत्री के इशारों पर काम कर रहे हैं, खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह मुझे बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं : जयदीप बिहाणी

जयपुर, 19 मई। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणीने खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस एडहॉक कमेटी ने आज मीटिंग कर मुझ पर आरोप लगाया, उन्हें देखते हुए ही सहजता का पता लगाया जा सकता है कि इन सबके पीछे कौन व्यक्ति है। मीटिंग में शामिल एडहॉक कमेटी के सदस्य हरीशचंद्र सिंह ने मुझे फोन करके बताया कि खेलमंत्री के पीए ने मीटिंग में जाने के लिए फोन किया था। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि ये कौन कर रहा है। लेकिन जब मुझ पर सीधे आरोप हैं तो लड़ाई भी खुली ही होगी। हर फ़र्ज़वाड़े का जवाब देना चाहता हूँ। मुझ पर किसी का दबाव नहीं है, जो है वो अब सबके सामने रखूंगा।

बिहाणी ने खेलमंत्री राज्यवर्धन सिंह पर जातिवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि एडहॉक कमेटी में 6 सदस्यों में से 4 सदस्य एक ही जाति के क्यों हैं?

बिहाणी नेआरसीएएडहॉक कमेटी (तदर्थ समिति) के सदस्य धनंजय सिंह को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि धनंजय सिंह खुद जोधपुर क्रिकेट संघ का खुद को अध्यक्ष बता रहे हैं। नागौर क्रिकेट संघ ने इस्तीफा नहीं दिया और जोधपुर से चुनाव लड़ लिया। जो व्यक्ति खुद गलत तरीके से एक जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बना है, उस पर तो खुद चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया जा रहा है।

आरसीएएडहॉक कमेटी के सदस्य जयदीप बिहाणी ने आरोप लगाया कि बैठक में उपस्थित धर्मवीर सिंह और रतन सिंह पर तो जांच जारी हैं। धर्मवीर सिंह ने गलत तरीके से पाली में चुनाव लड़ा।





इसके अलावा उनके खिलाफ 5 लाख रुपए को लेकर लिखित याचिका आई है। जिसमें खिलाड़ियों के खाने के ठेकेदार से प्रति खिलाड़ी के 50 रुपए बढ़ाने को लेकर 5 लाख रूपये तय हुआ था, ओर धर्मवीर सिंह ने 28.4.2025 को फोन करके कहा कि मैं जिसको रुपए देने को कहूं उसे 5 लाख रुपए दे देना।

यही वजह है कि अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। खुद फंस रहे हैं, इसलिए खुद को बचाने के लिए ये सब नौटंकी कर रहे हैं।

बिहाणी ने कहा कि नाममात्र के सहयोगियों को सिर्फ खुद का अधिकार है। इसके अलावा मीटिंग के लिए 7 दिन का नोटिस देना होता है। फिर आज की बैठक की कानूनी वैधता क्या है? उन्होंने कहा कि धर्मवीर सिंह का आरोप है किआरसीएएडहॉक कमेटी का काम सिर्फ चुनाव कराना है। अगर ऐसा है तो साल भर से जो क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी ने बैठक की, उनमें धर्मवीर सिंह ने सहमति क्यों दी?

आरसीए एडहॉक सदस्य होने के नाते मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं, ये ही व्यक्ति पहले आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव के साथ फोटो खिंचवाते दिखाई दिए थे।

बिहाणी ने बताया किएडहॉक कमेटी के कन्वीनर होने के नातेएडहॉक कमेटी की बैठक 25 मई को के. एल.सैनी स्टेडियम में आयोजित की है। जयदीप बिहाणी ने कहा कि मैं एडहॉक कमेटी का कन्वीनर हूं लेकिन मैं नेता भी हूं और पार्टी का कार्यकर्ता भी हूं। मेरे और भी कई काम होते हैं। विधानसभा भी अटेंड करना होता है। अभी प्रधानमंत्री आ रहे हैं इसलिए मैंने 25 मई को मीटिंग का निर्णय लिया है।

## आरसीए एडहॉक कमेटी के बिखराव की असली वजह कई जिला संघों को आय एवं व्यय के हिसाब का नोटिस जारी करना रहा

जयपुर , 19 मई। कुछ दिनों पहले डीसीए पाली के सचिव धर्मवीर सिंह को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में वित्तीय अनियमितताओं और चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए नोटिस दिया और जरूरी दस्तावेजों के साथ रिकॉर्ड मांगा गया था। इस पर धर्मवीर सिंह ने एक दिन पहले ही नोटिस का जवाब देते हुए बताया था- आरसीए कन्वीनर की ओर से डीसीए पाली से वर्ष 2005 से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया, जबकि पाली में डीसीए का रजिस्ट्रेशन ही वर्ष 2008 में हुआ। ऐसे में वर्ष 2005 से जो सूचना मांगी गई वह किस आधार पर दी जा सकती है? इसके साथ ही जिला क्रिकेट संघ पाली, जोधपुर और बीकानेर ने लिखित में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से शिकायत भी की थी। इसमें बताया कि समिति के कन्वीनर जयदीप बिहाणी पिछले 2 महीने से नोटिस देने का ही काम कर रहे हैं। बिहाणी ने मौजूदा क्रिकेट संचालन कमेटी को भंग कर सभी सिलेक्टर्स को कार्य मुक्त कर दिया था। बिहाणी के इस फैसले को लेकर कोई मीटिंग भी नहीं हुई थी, जिसके बाद एडहॉक कमेटी के दूसरे सदस्यों ने इसका विरोध किया था।

### 5वीं राजस्थान पुरुष फुटबाल लीग

## जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने जयपुर राइजिंग फुटबाल क्लब को 12/1 से रौंदा

जयपुर , 19 मई। जेरथी फुटबॉल क्लब सीकर ग्राउंड, रॉयल क्लब जयपुर, ओर जावर उदयपुर, में होम अवे मैच खेले गए । राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए । आज तक लीग के 87 मैच खेले जा चुके हैं।

**प्रथम मैच** :- जयपुर एलीट फुटबाल क्लब और राइजिंग जयपुर फुटबाल क्लब के बीच खेला गया जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने मैच 12/1 से जीत हासिल की।जिसमें जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब की ओर से छ गोल महीपत, दो गोल अनुराग ओर दो अमन त्यागी, एक एक गोल जीवेश ओर लक्ष्य ने किए ओर जयपुर राइजिंग फुटबॉल क्लब की ओर से एक गोल आदित्य, ने किया ।

**दूसरा मैच** :- जेरथी फुटबाल क्लब और सिटी वाल्स फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच जेरथी फुटबाल क्लब ने 3/0 से जीत हासिल की।

**तीसरा मैच** :- ए एस एल फुटबाल क्लब और रीयल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच ए एस एल फुटबाल क्लब ने 1/0 से जीत हासिल की एक गोल विजय, ने 35 मिनट पर किया।

**मैच** :- जिंक फुटबाल अकादमी और सनराइज फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें जिंक अकादमी 4/0 से विजेता रहा । जिंक अकादमी की ओर से पहला गोल करण, ने 8 मिनट दूसरा ओर तीसरा गोल आशीष, ने 60,83 मिनट ओर चौथा गोल सुभाष, ने 88 मिनट पर किया। आगामी फुटबाल लीग के मैच 21 मई को में खेले जाएंगे।

# आरसीए एडहॉक कमेटी विवादों के मकड़जान में फंसी

## आरसीए एडहॉक कमेटी 4 सदस्यों के कन्वीनर बिहाणी पर लगाए गंभीर आरोप

जयपुर, 19 मई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। बीजेपी विधायक और एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी के खिलाफ एडहॉक कमेटी के सदस्यों ने ही मोर्चा खोल दिया है। हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे और एडहॉक कमेटी के सदस्य धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि जयदीप बिहाणी के अमर्यादित व्यवहार और अनर्गल बयानों से हम सभी एडहॉक सदस्य स्तब्ध हैं।

धनंजय सिंह ने कहा कि जयदीप बिहाणी ने तानाशाह की तरह काम किया है। जैसे तालिबान अफगानिस्तान को चलाता है, वैसे उन्होंने एडहॉक कमेटी को चलाया है। जब कभी एडहॉक कमेटी की मीटिंग होती थी उसमें भी वह खुद की मनमर्जी करते थे। खींवसर ने कहा कि जयदीप बिहाणी सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सीखने के लिए इस तरह के बेतुकेएवं बेवजह विवाद पैदा करना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि बिहानी प्रदेश के अछूतों के क्रिकेट संघों के हितों को भी डरा-धमका रहे हैं। ताकि उनकी कोई आवाज न उठे। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के नाम पर बिहानीआरसीएएडहॉक कमेटी में अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं।

दोपहर 1 बजे जयपुर के एसएमएस स्टेडियम की खेल अकादमी में तदर्थ समिति की बैठक बुलाई गई। तदर्थ समिति के 6 में से 4 सदस्यों ने नीचे दिए गए प्रस्तावों को पारित करने पर सहमति जताई।

प्रस्ताव में तदर्थ समिति के संयोजकजयदीप बिहाणी द्वारा व्यक्तिगत रूप से विभिन्न प्राधिकरणों, खेल संघों, रजिस्ट्रार सहकारी समितियों, रजिस्ट्रार सहकारी समितियों आदि को पत्र लिखकर लिए गए निर्णय तदर्थ समिति और उसके सदस्यों की जानकारी और सहमति के बिना हैं।साथ ही, ऐसे निर्णयों पर समिति की सहमति और अनुमोदन नहीं होता है और इसलिए ये सभी पत्र, आदेश, निर्देश कानून के अधिकार के बिना हैं और इन्हें वापस लिया जाता है।

इसके अलावा संयोजकजयदीप बिहाणी द्वारा जिन सभी अधिकारियों को ऐसे पत्र, आदेश, निर्देश लिखे गए हैं, उन्हें निरस्त किया जाएगा ताकि राजस्थान राज्य में क्रिकेट के प्रशासन और अन्य कोई जटिलता उत्पन्न न हो।

समिति द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से या बहुमत से लिया जाना चाहिए तथा संयोजक सहित कोई भी व्यक्तिगत सदस्य राजस्थान क्रिकेट संघ के कामकाज के संबंध में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत नहीं है। समिति की बैठक प्रत्येक तीन सप्ताह में एक बार होगी तथा सभी सदस्यों के लिए ऐसी बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होगा, ताकि राजस्थान राज्य में क्रिकेट के प्रशासन के संबंध में नियमित आधार पर निर्णय लिए जा सकें। तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहाणी के कार्यों की निंदा की जाती है तथा समिति द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि बिहाणी को सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें सभी सदस्यों की सहमति के बिना तथा बहुमत की राय लिए बिना व्यक्तिगत रूप से कोई भी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

# लखनऊ प्लेऑफ रेस से बाहर, हैदराबाद ने 6 विकेट से हराया

## अभिषेक की फिफ्टी, राठी से मैदान पर बहस की





नई दिल्ली, 19 मई। आज हुये मैच में लखनऊ को हैदराबाद ने 6 विकेट से हराकर प्लेऑफ रेस से बाहर कर दिया। इकाना स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 205 रन बनाए। ओपनर मिचेल मार्श (65 रन) और ऐडन मार्करम (61 रन) ने फिफ्टी लगाई। निकोलस पूरन 45 रन बनाए। ईशान मलिंगा ने 2 विकेट लिए।

सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 ओवर के बाद 3 विकेट पर 148 रन बना लिए हैं। हेनरिक क्लासन और कामिंडू मेंडिस नाबाद हैं। ईशान किशन 35 और अभिषेक 59 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को दिग्वेश राठी ने आउट किया। 8वें ओवर में अभिषेक शर्मा और दिग्वेश राठी के बीच मैदान पर बहस हो गई। अभिषेक को आउट करने के बाद दिग्वेश ने कॉपी बुक सेलिब्रेशन किया। इस पर अभिषेक भड़क गए और दोनों में बहस होने लगी। फील्ड अंपायर्स ने बीच-बचाव किया। विलियम ओरूर्क ने दूसरे ओवर में अथर्व तायडे (13 रन) को कैच कराया।

## पाली जिला संघ निलंबित

जयपुर, 19 मई। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर बिहाणी ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ पाली द्वारा राज्य क्रीड़ा संघ (संगमो का रजिस्ट्रीकरण, मान्यता एवं विनियमन) के तहत धारा 15. धारा 17. धारा 19, धारा 20 (2), धारा 30 के तहत अपचनीय कृत्य किया है जिसके तहत राज्य संघ द्वारा धारा 22 के तहत अयोग्यता आहरित की गई है। अत: उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों में जिला क्रिकेट संघ पाली की सम्बद्धता को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध कर प्रकरण को माननीय लोकपाल राजस्थान क्रिकेट संघ को प्रेषित किया जाता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के समय पाक में थे मोईन अली के पेरेंट्स : भारत ने यहीं दागी मिसाइलें

नई दिल्ली, 19 मई। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोईन अली ने खुलासा किया कि इंडियन आर्मी के ऑपरेशन सिंदूर के समय उनके माता-पिता पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में थे। इंडियन आर्मी ने इन्हीं इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागी थीं। बीयर्ड बिफोर विकेट पॉडकास्ट पर बात करते हुए मोईन ने बताया कि हमलों के तुरंत बाद उन्होंने छोड़ने का मन बना लिया था। वे अपनी टीम के लिए सेकेंड फेज के मैच खेलने के लिए भारत भी नहीं आए। डरकरभागे मोईन के घरवाले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोईन अली ने बताया कि के जिस हिस्से में मिसाइल हमले हुए, उनके माता-पिता उस जगह से 1 घंटे की दूरी पर ही थे। हमलों से डरकर उनके घरवाले अगली फ्लाइट से ही छोड़कर चले गए। मुझे खुशी हुई कि वे किसी तरह वहां से निकल गए, लेकिन ये सब देखना खतरनाक था।



## आरसीए अकादमी से पाक के खिलाड़ियों की तस्वीरें हटाई

जयपुर, 19 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सीजफायर के बाद एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों ने आरसीए अकादमी में लगी पाकिस्तान के खिलाड़ियों की लगी सभी तस्वीरों को दीवार से हटा दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कमेटी के चारो सदस्यों ने एक मत होकर यह निर्णय लिया।



# 'प्रधानमंत्री की बीकानेर यात्रा के लिये सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करें'

## प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा (22 मई) के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के तहत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक चौबन्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम करें तथा आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। शर्मा ने कहा कि तेज गर्मी के मद्देनजर आयोजन स्थल पर आमजन के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, आवागमन सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का उचित संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनता को किसी भी तरह की असुविधा ना हो।

उन्होंने बीकानेर कलक्टर को एयरपोर्ट, हेलीपैड तथा सभा स्थल पर सभी व्यवस्थाओं को समयानुसार पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के तहत सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गृह विभाग आगंतुकों के लिए सुरक्षा पास, यातायात प्रबंधन जैसी समुचित व्यवस्थाएं करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए अपने-अपने विभाग का नोडल अधिकारी नियुक्त करें। साथ ही, शर्मा ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री कार्यालय एवं रेलवे विभाग से आवश्यकतानुसार समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं संचार विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को भी प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने यात्री सुविधाओं के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीकानेर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री अमृत भारत देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन, बीकानेर मुंबई एक्सप्रेस टेन को हरी झंडी तथा देशभर में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान बीकानेर में विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर के दर्शन भी करेंगे। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा वी.सी. के माध्यम से संबंधित जिलों के अधिकारी जुड़े।

## अधिकारी परिवेदनाओं का शीघ्र निपटारा करें : भजनलाल शर्मा

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर की अंत्योदय की अवधारणा के अनुरूप हमारे लिए जनसेवा ही सर्वोपरि है। जनता की प्रत्येक समस्या का समाधान कर उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रशासन में जबावदेहिता एवं पारदर्शिता अपनाते हुए सुशासन के लक्ष्य पर केन्द्रित होकर काम कर रही हैं। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में परिवादी अपनी समस्या को लेकर आए। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता एवं त्वरित निर्णयों से आमजन बेहद संतुष्ट नजर आए।

## कंवरलाल मीणा मामले में कांग्रेस नेता मिले राज्यपाल से

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को संविधान के अनुच्छेद 161 के अंतर्गत सजायाफ्ता अंता विधायक कंवरलाल मीणा की सजा माफी नहीं करने के लिए एक पत्र सौंपा है।

जूली ने पत्र के माध्यम से बताया कि विधायक अब तक कंवरलाल मीणा को 20 वर्ष पुराने विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में दोषी मानते हुए एडीजे न्यायालय अकलेरा जिला झालावाड़ द्वारा 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई।

मीणा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के सिर पर पिस्तौल तान दी थी। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी राजस्थान प्रशासनिक सेवा के उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार की गवाही को मुख्य आधार बनाते हुए न्यायालय द्वारा कंवरलाल मीणा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई। उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें समर्पण किए जाने के निर्देश दिए गए। मीणा द्वारा राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए राज्यपाल से माफी हेतु प्रयास किया जा रहे हैं।

जूली बोले अपराधी को शिथिलता दी जाती है तो इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होंगे। उन्होंने बताया कि लिली थॉमस के प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने यह सुस्थापित किया है कि यदि किसी विधायक व सांसद को 2 वर्ष या उससे अधिक की सजा होती है किसी आपराधिक प्रकरण में हो जाती है तो वह तुरंत विधायक व सांसद पद से अयोग्य हो जाएगा।

इस दौरान पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, मुख्य सचेतक रफीक खान, विधायक डूंगाराम गैदर, हाकिम अली, हरिमोहन शर्मा, भगवान सैनी, जाकिर हुसैन उपस्थित रहे।